आकाशवाणी गोरखपुर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18 फरवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– स्पष्ट नीतियों से बदली राज्य की तस्वीर। सुनियोजित कार्य प्रणाली के कारण समाज के हर वर्ग को मिल रहा है फायदा।
- इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दूसरे दिन सामाजिक भलाई के लिए ग्लोबल साउथ में सहयोग सहित कई विषयों पर हुईं पैनल चर्चाएं। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–एआई के प्रति युवाओं में है जबरदस्त उत्साह।
- केन्द्र सरकार ने शुरू किया भारत–विस्तार डिजिटल प्लेटफॉर्म। अब एक ही प्लेटफॉर्म से किसानों को मिलेगी हर जरूरी जानकारी।
- आज से शुरू हो रही हैं यूपी बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण राज्य की तस्वीर बदली है। लखनऊ में आयोजित एक निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब तक पन्द्रह लाख करोड़ रुपए का निवेश धरातल पर उतर चुका है। श्री योगी ने कहा कि सरकार की स्पष्ट नीतियों और सुनियोजित कार्य प्रणाली के कारण समाज का हर वर्ग लाभांवित हो रहा है।

**सरकार की स्पष्ट नीति, साफ नीयत, हर एक सेक्टर की पॉलिसी बनाकर के पॉलिसी के दायरे में यानी हम लोगों ने पॉलिसी पैरालिसिस से यूपी को बाहर करके सेक्टरल पॉलिसीज तैयार की। चौंतीस सेक्टर की हमारे पास पॉलिसीज आज के दिन पे हैं और जिसके माध्यम से देश का, दुनिया का कोई भी निवेशक आकर के अपना निवेश कर सकता है। अब फाइल कल्चर बंद हो गई। फील्ड कल्चर यूपी के अंदर हावी है और सब कुछ यूपी के अंदर दिखाई देगा।**

**********

नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दूसरे दिन, कल सामाजिक भलाई के लिए और ग्लोबल साउथ में सहयोग, एआई गवर्नेंस, नैतिकता और नियामक ढांचे, स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई और डेटा नवाचार तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर केंद्रित जैसे कई विषयों पर पैनल चर्चाएं हुई। एक रिपोर्ट–

**समिट के दौरान केंद्र स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भारत के स्वास्थ्य सेवा में एआई की रणनीति 'सही' और स्वास्थ्य एआई के लिए बेंचमार्किंग ओपन डाटा प्लेटफार्म 'बोध' की शुरुआत की इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत एआई के जरिए हेल्थ टेक के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगा रहा है। स्केलिंग इंपैक्ट फ्रॉम इंडिया सावरेन एआई सत्र में इंडिया एआई मिशन के सीईओ अभिषेक सिंह ने कहा कि भारत हरित ऊर्जा के जरिए एआई कंप्यूटिंग को बढ़ावा दे रहा है, उन्होंने बताया कि भारत वैश्विक निवेश आकर्षित कर रहा है और प्रतिस्पर्धी लागत पर डेटा सेंटर क्षमता उपलब्ध करा रहा है। एआई इंपैक्ट समिट ग्लोबल साउथ में आयोजित होने वाल पहला वैश्विक एआई सम्मेलन है। इस कार्यक्रम में 20 देशों के विश्व नेता शामिल हो रहे हैं। अमन यादव आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रति युवाओं में जबरदस्त उत्साह है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि विश्वभर में भारत की नई पहचान इस समिट में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

**नौजवानों में बहुत उत्साह है, एआई के लिए और जिस तरीके से यहां पर एनर्जी दिखाई देती है, उस एनर्जी से स्पष्ट है कि विश्वभर में भारत की जो पहचान बनी है, एआई के लिए, इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए, टेक्नोलॉजी के लिए, जिस तरह से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विश्वभर में देश की नई पहचान बनाई है। वो एकदम स्पष्ट इस दुनिया के सबसे बड़े एआई समिट में दिखाई देता है।**

आकाशवाणी समाचार से बातचीत में सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव संजय जाजू ने कहा कि एआई कहानी कहने की कला को पूरी तरह से बदल रहा है। एआई देशभर के कहानीकारों को विशाल मंच और अवसर प्रदान करेगा।

**********

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के सातवें दिन कल विधानसभा में बजट पर चर्चा जारी रही। इस दौरान भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि इस बार का बजट विकसित भारत–विकसित यूपी का बजट है। वहीं प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी के सदस्य डॉ. संग्राम यादव ने प्रदेश में अपराध की स्थिति और उसकी रोकथाम के लिए हो रहे प्रयासों पर सवाल किया। जवाब में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य में अपराध की दर में कमी आई है और सरकार अपराध पर नियंत्रण लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**सरकार पूरी तरीके से इस बात के लिए सचेत है। स्टैंडिंग ऑर्डर्स भी हैं कि कहीं भी किसी को कानून हाथ में लेने की इजाजत न दी जाए और जो भी लोग इसकी चेष्टा करें, उसके खिलाफ पहले निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। निरोधात्मक कार्रवाई से मान्यवर अपराध कम होते हैं और कन्विक्शन से मान्यवर अपराध कम होते हैं। कन्विक्शन रेट भी हमारा लगभग तिरानबे परसेंट है।**

विधान परिषद में कल समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने राज्य में बिजली व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए किसानों को समय पर बिजली न मिलने के मुद्दे पर हंगामा किया। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने जवाब में बताया कि सरकार ने उत्पादन, वितरण और ट्रान्समिशन के क्षेत्र में काफी काम किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के विद्युत वितरण निगम देश की रेटिंग में अच्छे स्थान पर हैं।

**********

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों को सशक्त बनाने और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए उन्हें आधुनिक प्रौद्योगिकी से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इसी दृष्टिकोण के साथ लगातार नई पहल शुरू कर रही है। कल जयपुर में किसानों के डिजिटल साथी, 'भारत विस्तार' की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य किसानों को स्मार्ट और सशक्त बनाकर अच्छी जानकारी देना है। कृषि मंत्री ने कहा कि अब, एक ही प्लेटफॉर्म के जरिए, किसान फसल पर आधारित वैज्ञानिक सलाह, मंडी के दाम, मौसम की अपडेट और अन्य जरूरी जानकारी ले सकते हैं। श्री चौहान ने कहा कि सरकार का लक्ष्य फसलों का उत्पादन बढ़ाना है।

**हमारा लक्ष्य उत्पादन बढाना उसके लिए नई–नई किस्में आईसीआर फसलों की तैयार करना, उत्पादन की लागत घटाना, मैग्नाइजेशन तकनीकी का इस्तेमाल करके कम लागत का उत्पादन कैसे हो, ताकि प्रोफिट बढ़े उसका प्रयास। किसान को उसके उत्पादन का दाम देना अगले एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीदी की हमने कोशिश की है। मौसम की मार अगर फसल को बरबाद कर दे तो नुकसान की भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से करते हैं।**

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। उन्होंने भारत विस्तार प्लेटफॉर्म को खेती को समृद्ध, सशक्त और सरल बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद– यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं आज से शुरु हो रही है। कल प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल और नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।

**आठ हजार तैंतीस केंद्रीय व्यवस्थापक, आठ हजार तैंतीस बाहरी केंद्रीय व्यवस्थापक, आठ हजार तैंतीस स्टेटिक मजिस्ट्रेट और बारह सौ दस सेक्टर मजिस्ट्रेट, चार सौ सत्ताईस जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। पचहत्तर जनपदीय स्तरीय और अठारह वरिष्ठ अधिकारियों को मंडल स्तरीय पर्यवेक्षक के रूप में नामित किया गया है। जो नवीन व्यवस्थाएं की गई हैं, वो है सभी जनपदों, परीक्षा केंद्रों पर आकस्मिकता की स्थिति में सभी विषय, हेतु, प्रश्न पत्रों के अतिरिक्त रिजर्व सेट की भी व्यवस्था की गई है।**

परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम, दो हजार चौबीस लागू किया गया है, जिसके तहत अनुचित साधनों में लिप्त पाए जाने पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान है।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि हर परीक्षा केंद्र के हर एक कक्ष में वॉयस रिकॉर्डर वाले दो सीसीटीवी कैमरे, राउटर, डीवीआर और हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन लगाए गए हैं, इनसे वेबकास्टिंग के माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी।

इस बीच, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने इस वर्ष से लागू दसवीं की नई बोर्ड परीक्षा योजना के तहत पात्रता नियमों पर आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी किया है। बोर्ड ने कहा है कि केवल वो छात्र जो पहली परीक्षा में कम से कम तीन विषयों में शामिल होंगे उन्हें ही दूसरी परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।

**********